UP अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो, 2024

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **MSME**, **ODOP** **और** **GI उत्पादों** पर ज़ोर देते हुए, वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उत्तर प्रदेश की बढ़ती स्थिति को बढ़ावा देने हेतु **UP इंटरनेशनल ट्रेड शो, 2024 का शुभारंभ किया गया।**

मुख्य बिंदु

- **उत्तर प्रदेश के विकास का प्रदर्शन:**
  - UP इंटरनेशनल ट्रेड शो, 2024 का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को भारत में एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में प्रस्तुत करना है।
  - राज्य ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में एक **ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था** प्राप्त करने का उद्देश्य निर्धारित किया है।
  - इस अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शो में साझेदार देश **वियतनाम है।**
  - यह शो UP के व्यवसाय, वाणिज्य, शिल्प, संस्कृति, भोजन और नवाचार पर प्रकाश डालता है।
- **MSME और आर्थिक विकास पर ध्यान:**
  - यह व्यापार मेला **MSME, भौगोलिक संकेत (GI) उत्पादों और एक ज़िला, एक उत्पाद (ODOP) योजनाओं को बढ़ावा देता है।**
  - यह उद्यमों को वैश्विक स्तर पर अपनी पहुँच प्रदर्शित करने और उसका विस्तार करने के लिये एक मंच प्रदान करता है, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है।
  - इसमें सरकारी और निजी **दोनों क्षेत्रों की प्रोत्साहन योजनाओं और पहलों को भी शामिल किया गया है।**
- **मील के पत्थर और उपलब्धियाँ:**
  - उद्घाटन संस्करण **(21 - 25 सितंबर, 2023) ने** 60 से अधिक देशों के विदेशी खरीदारों को आकर्षित किया।
  - भारत की माननीय राष्ट्रपति **श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा** मुख्यमंत्री की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-international-trade-show,-2024